प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....

- केंद्र सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण की अधिसूचना जारी की–1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक घर–घर जाकर जनगणना की जायेगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रदेश के युवाओं से संवाद किया और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।
- राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी सम्मेलन आज से जयपुर में ।
- सेना दिवस के उपलक्ष्य में आज से जयपुर में **सैन्य** प्रदर्शनी शुरू होगी।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर बरकरार–अगले दो दिन भी तेज सर्दी से राहत के आसार नहीं।

....

केंद्र सरकार ने भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण की अधिसूचना जारी कर दी है। इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में घर–घर जाकर जनगणना का काम किया जाएगा। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा निर्धारित 30 दिनों की अवधि के दौरान जनगणना का काम निष्पादित किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार, घर–घर जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले तक स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

....

29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 जनवरी से आयोजित होगा। 12 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रदेश के लगभग 100 युवा हिस्सा लेंगे। इन युवाओं का दल आज दिल्ली के लिए रवाना होगा। इससे पहले कल इन युवाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। श्री शर्मा ने युवाओं को प्रदेश के ब्रेंड एम्बेसडर बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रतिभागी कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।

....

इस राष्ट्रीय महोत्सव के समापन समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि वी बी–जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई और गुणवत्तापूर्ण संपत्तियों का निर्माण हो सकेगा। यह योजना ग्रामीण रोजगार नीति को विकसित भारत के रोडमैप से जोड़ेगी और राजस्थान को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में इस योजना को लेकर मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि अब सालाना रोजगार की कानूनी गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। योजना के तहत जल संसाधन, मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका अवसंरचना और आपदा प्रबंधन से जुड़े ठोस और टिकाऊ कार्य कराए जाएंगे।

....

राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी सम्मेलन आज से जयपुर में शुरू हो रहा है। राजस्थान पुलिस अकादमी में होने वाले इस दो दिन के सम्मेलन का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी शामिल होंगे। इस दौरान पुलिस कार्यप्रणाली को आधुनिक और तकनीक सक्षम बनाने के साथ ही कानून–व्यवस्था को मजबूत करने पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में रायपुर में हुई राष्ट्रीय डीजी–आईजी कॉन्फ्रेंस के निर्णयों को प्रदेश में लागू करने का रोडमैप तैयार होगा। इस दौरान विभिन्न सत्रों में साइबर अपराध की रोकथाम, महिला सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी उपायों पर वरिष्ठ अधिकारी अपनी प्रस्तुति देंगे।

....

जयपुर में सेना दिवस के उपलक्ष्य में आज से जयपुर में सैन्य प्रदर्शनी शुरू होगी। भवानी निकेतन संस्थान में लगायी जा रही इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे। इस प्रदर्शनी में भारतीय सेना की ऑपरेशनल और तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदुर

में उपयोग किये गये अत्याधुनिक उपकरण भी लोगों के अवलोकन के लिए उपलब्ध होंगे। आमजन इस प्रदर्शनी को निशुल्क देख सकेंगे। वहीं आर्मी डे पर 15 जनवरी को होने वाली मुख्य परेड से पहले महल रोड़ पर इसका पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। मुख्य रिहर्सल 9, 11 और 13 जनवरी को होगी। परेड को देखने के लिए लोग ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

....

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल अलवर में टाइगर मैराथन के दूसरे संस्करण के उद्घोष कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अलवर टाइगर मैराथन बाघ और प्रकृति के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि मैराथन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उभारने के लिए पर्यावरण और प्रकृति प्रेमी फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा को ब्रेंड एम्बेसडर बनाया गया है। श्री यादव ने कहा कि अलवर को एनसीआर क्षेत्र का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सराहनीय काम किये गये है।

....

इस अवसर पर टाइगर मैराथॉन की जर्सी, मेडल और सरिस्का टाइगर परियोजना के कलेण्डर का विमोचन किया गया। 8 फरवरी को होने वाली टाईगर मैराथॉन में भाग लेने के लिए लोग 25 जनवरी तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा सकते है। उधर अजमेर में भी पर्यटन क्षेत्र में कई और संभावनाएं बन रही है। हाल ही में रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी रेरा ने अजमेर विकास प्राधिकरण की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी है। इससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

....

समूचे प्रदेश में तेज सर्दी का प्रकोप जारी है। गलन और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित है। वहीं कोहरे के असर से यातायात बाधित हो रहा है। घनी धुंध के कारण सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई है। साथ ही उडाने और रेलगाडियां भी देरी से चल रही है। आज भीलवाडा, हनुमानगढ़, सवाईमाधोपुर में कोहरा छाया हुआ है। कडाके की ठंड को देखते हुए विभिन्न जिलों में स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए छुट्टियां घोषित की गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने अगले दो–तीन दिन राज्य के कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने और कोल्ड डे दर्ज होने की संभावना जताई है।

....